माघ पूर्णिमा आज

प्रभात

छिपाएंगे नहीं, छापेंगे

facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv

www.subhartimedia.com लखनऊ, मंगलवार, 19 फरवरी 2019, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित

कैप्टन अमरिंदर भी सिद्धू के खिलाफ पेज–12

सोलर का देश के विकास में विशिष्ट योगदान

राष्ट्रीय सोलर कानक्लेव में पर्यावरणविद डा. भरत राज सिंह

लखनऊ। प्रभात

देश के विकास में विशिष्ट योगदान छतों पर लगाये जाने वाले सोलर से होगा, यह विचार आईआईए द्वारा अयोजित 'राष्ट्रीय सोलर कानक्लेव–2019' में पर्यावरणविद व स्कूल ऑफ मैंनेजमेंट साइंसेज के महानिदेशक डा. भरत राज सिंह ने वक्ता के रूप में रखी । यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रो. सिंह, सोलर विद्युत का पिछले 4-5 वर्षो से प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और उनके घर पर लखनऊ शहर का पहला सोलर प्लांट लगा है । इस प्रकार शहर में सोलर नेटमीटरिंग लगाने के फायदे लोगो को बताते हैं और उन्हें अधिक से अधिक लोगों को लगवाने के लिये प्रेरित कर रहे हैं ।

डा. भरत राज सिंह ने सिह, ग्रीन–हाउस गैस के प्रदूषण से पर्यावरण व जलवायु मे हो रहे परिवर्तन को रोकने हेतु ग्रीन–क्लीन उर्जा का अधिक से अधिक उपयोग का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के अक्षय ऊर्जा नीति के तहत 170 गीगावाट मे 100 गीगावाट मात्र सोलर से 2022 तक पूर्ण करने मे जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित कर लक्ष्य का दो गुणा 200 गीगा–वाट पैदा करने लक्ष्य, बिना सरकार व प्राइवेट संस्थाओ के बडी योजनाओं को स्थापित किये बगैर पूर्ण किया जा सकता है। उनका मानना है कि जब केंद्र सरकार 30 प्रतिशत तथा प्रदेश सरकार 30 प्रतिशत की छूट सोलर विद्युत उत्पादकों को दे रही है तो 2 किलोवाट की लागत 40,000 रूपये ही आयेगी । उसके बाद प्रति किलो वाट 35,000 रूपये आयेगी । इस प्रकार से 3 किलोवाट, 4 किलोवाट व 5 किलोवाट सोलर प्लांट जो नेटमीटरिंग पर होगा, क्रमशः रू. 75,000, रू. 1,10,000 व रू. 1,45,000 ही आयेगी। जबकि इसके पहले 5 किलोवाट सोलर प्लांट की लागत 4,15,000 रूपये आता था ।